be cleared by the Commissioner of Railway Safety which is a mandatory one. Sir, we request the Government to intervene and not to repeat such things.

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal): Sir, I associate with the Special Mention made by the hon. Member.

#### Reservation for 'Gujjars' of Rajasthan

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** : उपसभापति महोदय, मैं एक अत्यंत संवेदनशील इश्यू की ओर आपका और ध्यान सदन का ध्यान आकर्षित कर रहा हूं।

राजस्थान में गुर्जर आरक्षण को लेकर एक बार फिर बड़ी गंभीर और विस्फोटक स्थिति बन गई है। मैं यहां उन बातों को दोहराना नहीं चाहता, जो देश और प्रदेश को पिछली बार इसके कारण क्षति हुई थी। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं, उसे यह जानकारी होगी कि पिछली बार विधान सभा में सर्वसम्मति से, जिसमें रूलिंग पार्टी भी थी और अपोजिशन भी था, वह अपोजिशन जो कि आज सरकार में बैठा है, यह तय किया गया था कि गुर्जरों को 5 प्रतिशत और सामान्य श्रेणी के अति निर्धन लोगों को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। इस पर लम्बी बहस हुई। इस मुद्दे पर विपक्ष की भी पूरी सहमति थी। महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि उस समय विधि विभाग से भी इसकी सहमति ली गई थी और जो संशोधित प्रस्ताव आया, वह विधान सभा में सर्वसम्मति से पास किया गया।

किन्तु आज ऐसा लगता है कि सर्वसम्मत प्रस्ताव पास होने के बाद भी उस पर राजनीति की जा रही है। वे लोग जो उस वक्त विपक्ष में थे, आज सरकार में बैठे हैं, उस समय कहा करते थे कि सामान्य रूप से इसका हल हो जाएगा। मैं सदन की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहता हूं कि इस आरक्षण के मुद्दे को लेकर तत्कालीन सरकार ने एक आयोग का गठन किया था - श्री जसराज चोपड़ा आयोग, और उसने भी यह कहा था कि निश्चित रूप से इस बात को ...(**व्यवधान**)...

**डा. प्रभा ठाकुर** : सर, मैं कहना चाहती हूं कि पांच साल ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please, don't intervene in between.

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** : महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वे मेरा समय ले रही है। ...(**व्यवधान**)...

**डा. प्रभा ठाकुर** (राजस्थान) : पांच साल रहे, इन्होंने क्या किया ...(**व्यवधान**)... इस मुद्दे पर कुछ नहीं किया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : प्रभा ठाकुर जी, आप क्यों खड़ी हो रही हैं। ...(**व्यवधान**)... बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** : वे मेरा समय ले रही हैं। ...(**व्यवधान**)...

**डा. प्रभा ठाकुर** : इस मुद्दे पर कुछ नहीं किया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : प्रभा ठाकुर जी, आप सदन का टाइम ...(**व्यवधान**)... आपको जवाब देने के लिए नहीं कहा गया है। ...(**व्यवधान**)... आप मैम्बर को बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री ललित किशोर चतुर्वेदी** : सर, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हो गया, विपक्ष की सहमति हो गई ...(**व्यवधान**)... आज जब स्थिति ऐसी पैदा हो गई है तो कहा जा रहा है कि इस पर दस्तखत नहीं किए जा रहे हैं। मैं नहीं जानता कि महामहिम इस पर दस्तखत क्यों नहीं कर रहे हैं, वे जाने या भगवान जाने। किन्तु, मेरा आपसे निवेदन है कि इस मामले पर केन्द्र सरकार इंटरवीन करे, तुरंत उस पर निर्णय ले, अगर निर्णय नहीं लेगी तो इसका परिणाम क्या होगा, यह हमने पिछली बार देखा है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि विस्फोटक स्थिति न बने। अभी कल ही मीटिंग हुई थी, पड़ाव डाल रखा है, अगले 24 घंटे के लिए उन्होंने अल्टीमेटम दिया है और उसके कारण क्या परिणाम होंगे, इसके बारे में केन्द्र सरकार जानकारी करके इसको ठीक करे।

**श्री कलराज मिश्र** (उत्तर प्रदेश) : *

**श्री रामदास अग्रवाल** (राजस्थान) : *

**डा. प्रभा ठाकुर** : *

**श्री कलराज मिश्र** : *

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Nothing will go on record...*(Interruptions)*. आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... मिश्र जी, आप बैठ जाइए। आप अब मत दीजिए ...(**व्यवधान**)...

**डा. प्रभा ठाकुर** : *

**श्री रामदास अग्रवाल** : *

**श्री उपसभापति** : आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। There is no provision for this. Please, sit down. आप बैठिए रामदास अग्रवाल जी। Now, Shri Bharatkumar Raut.

**Unrest among the staff of Air India and Indian Airlines**

SHRI BHARATKUMAR RAUT (Maharashtra): Mr. Deputy Chairman, Sir, I wish to bring to the notice of the House some grievances which are being faced by the employees of Air India and Indian Airlines. I am associated with this as Bharatiya Kamgar Sena Union. Sir, on the last 22nd, yet another circular came from the Executive Director (Finance) of Air India stating that the CMD had directed that the PL1 norms for the company were to be reviewed and parameters needed to be revised, hence deferring the PLI of Air India employees for the month of July, 2009 up to 20th August. Sir, just last week, the Civil Aviation Minister mentioned on the floor of this House that there would not be any retrenchment, no lay-off, and he also promised that the salary, that had already been deferred, would be paid. Within three days, another circular comes stating that PLI will be deferred further. What is PLI? It is Productivity Linked Incentive given to the employees. Technically, hon. Civil Aviation Minister was right. Wages and salaries have been paid. But, the PLI has been deferred. Now, what is the importance of the PLI? Let me tell you that the PLI of ground staff is almost 50 per cent of their gross emoluments, and 65 per cent of the gross emoluments in case of flying staff. If a person, who is a ground staff, earns Rs. 1000, then, Rs.500 come from PLI. it means, you have deferred 50 per cent of their salary; and 65 per cent in case of cabin crew. Have we become so pauper that we cannot even pay the salaries of the employees? If PLI constitutes this much portion, of the total emoluments, that actually means their referred salaries and wages. So, employees have every right to earn their PLI on the stipulated time and date. For India Airlines, the flying allowance is actually meal allowance. If a member of flying staff goes to London, or other stations, how will he eat and from where? Sir, this is an important thing. ...(**Time bell rings**)... Sir, I want you to use your good offices and pressurise the Ministry to see that the salaries are paid on time and not deferred.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR (Maharashtra): Sir, I associate myself with the views of hon. Member on this important issue.

* Not recorded.